STLL Sindhu Trade Links Limited
Regd. Office : 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Ref. No. STLL/BSE/2021-22/15 Dated 26/08/2021

To

The Manager (Listing),
**B.S.E. Ltd.**
Floor 25, P.J Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**Sub: Sindhu Trade Links Limited**
**Scrip Code: 532029**
**Publication of Advance Notice under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Sir,

In compliance with regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby enclosing copies of newspaper Hari Bhoomi (Hindi) & Financial Express (English) for advance notice of the Board Meeting.

Please take the same on your record for the Company.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **Sindhu Trade Links Limited**
SINDHU TRADE LINKS LIMITED

(Company Secretary)
Company Secretary/Compliance Officer

Corporate office : 701, 7th Floor, Signature Tower, Sector-30,Gurugram, Haryana-122003
Telephone: 0124-6913083, E-mail: corporatecompliance@sindhutrade.com
Website: www.sindhutrade.com, CIN No. : L63020DL1992PLC121695

## सीएम शिवराज सिंह ने कहा- कैंसर अस्पतालों को राज्य शासन की ओर से दी जाएंगी सभी सुविधाएं

# होशंगाबाद में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सुविधायुक्त कैंसर अस्पताल

◆ *एचपीसीएल के निदेशक मानव संसाधन जोशी ने मुख्यमंत्री से की भेंट, स्वास्थ्य सुविधाओं पर की चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के हित में अन्य रोगों के बेहतर उपचार के साथ ही कैंसर जैसे रोग के नियंत्रण और उपचार के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में स्थापित होने वाले कैंसर अस्पतालों को राज्य शासन की ओर से सभी सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री चौहान ने मंगलवार को भेंट करने आए हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मानव संसाधन पुष्प जोशी से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के बड़े नगरों में कैंसर के उपचार के साथ ही जिला मुख्यालयों में भी आवश्यक अधोसंरचना के विकास के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कैंसर उपचार संबंधी ट्रेनिंग उपलब्ध होगी

*होशंगाबाद में करीब 400 करोड़ रूपए के पूंजीगत व्यय से कैंसर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल की स्थापना के संबंध में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भी चर्चा हुई है। होशंगाबाद में इसके लिए आवश्यक फीजिबिलिटी स्टडी की जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार 100 बिस्तरीय सुसज्जित स्टेट ऑफ आर्ट कैंसर अस्पताल प्रदेश में अपनी तरह का एकमात्र अस्पताल होगा जो अन्य जिलों के लिए रेफरल सेंटर का कार्य करेगा। यही नहीं कैंसर के उपचार संबंधी प्रशिक्षण भी यहां उपलब्ध रहेगा। प्रमुख रूप से कैथ लैब कार्डियक सर्जरी, ओटी, कीमोथैरेपी, रेडियोलॉजी की सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होंगी।*

### कैंसर अस्पताल में कम दर पर होगा इलाज

मुख्यमंत्री ने जोशी से चर्चा में होशंगाबाद के प्रस्तावित कैंसर अस्पताल में रोगियों के परिजनों के रूकने की व्यवस्था, डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आवासीय क्वार्टर, सीएसआर फंड से अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं, शासकीय उपचार योजनाओं की परिधि में आने वाले रोगियों को फ्री चिकित्सा, शेष रोगियों को कम दरों पर उपचार और टाटा मेमोरियल सेंटर से विशेषज्ञों के परामर्श और सहयोग के संबंध में विचार-विमर्श किया। प्रस्ताव के अनुसार यह अस्पताल चैरिटेबल ट्रस्ट से नो प्रॉफिट नो लॉस के सिद्धांत पर संचालित होगा। ट्रस्ट में तेल क्षेत्र के संस्थानों और राज्य शासन के प्रतिनिधि ट्रस्टी सदस्य होंगे। अनेक दानदाता भी स्वैच्छिक रूप से अस्पताल स्थापना में सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं।

*दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की नेशनल कॉउंसिल मीटिंग में दिलाया भरोसा*

# प्रदेश में लघु उद्योगों का जाल बिछाना है, इसमें प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी: मुख्यमंत्री

## एससी-एसटी उद्यमिता विकास में डिक्की का महत्वपूर्ण योगदानः शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहेब के आर्थिक विचारों के अनुरूप देश में एससी-एसटी उद्यमिता विकास में डिक्की का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। अपने अनुसूचित जाति और जनजातीय भाइयों और उनके परिवारों का हर तरह से विकास करना चाहता हूं। इस मंच से यहां उपस्थित डिक्की के सदस्यों से कहना चाहता हूं कि आइए साथ बैठ कर बात कर के योजना बनाते हैं और धरातल पर उतारते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने मंगलवार को दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) की नेशनल कॉउंसिल मीटिंग में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना बने जो व्यवहारिक हो और जिससे इन दोनों वर्गों के युवाओं को उद्यमिता के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, खाद्य मंत्री बिसाहू लाल सिंह, डिक्की के संस्थापक पद्मश्री डॉ. मिलिंद काम्बले, राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकुमार नारा, ट्राईफेड के एमडी प्रवीर कृष्ण, वेंचर कैपिटल फण्ड के जीएम शिवेंद्र तोमर, सांसद दुर्गादास उइके, वेस्ट इंडिया कॉर्डिनेटर संतोष काम्बले, डिक्की के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया, डॉ. मनोज आर्य, हृदेश किरार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में भारत सरकार की तीन योजनाओं के मप्र में अवेयरनेस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने डिक्की के कार्यक्रम में उद्यमियों को पूर्ण सहयोग का वादा किया।

### सरकार एससी-एसटी वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में इन दोनों वर्गों की भलाई के कई कार्य किए गए हैं। सरकार इनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में लघु उद्योगों का जाल बिछाना है और इसमें प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। एससी-एसटी उद्यमी आगे आएं और अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार की तीन नई योजनाओं अम्बेडकर सोशल इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन मिशन (असीम), स्टैंड अप इंडिया और मुद्रा योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### *डिक्की के साथ काम करेगा ट्राईफेड*

*डिक्की के संस्थापक डॉ. काम्बले ने मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, वेंचर कैपिटल फण्ड, एससी-एसटी हब जैसी योजनाओं में डिक्की की भूमिका की जानकारी दी। भारत सरकार की संस्था ट्राईफेड के एमडी प्रवीर कृष्ण ने कहा कि ट्राइबल युवाओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिए ट्राईफेड डिक्की के साथ काम करेगा। वेंचर कैपिटल फण्ड के तोमर फंड की विस्तार से जानकारी दी। एमएसएमई विभाग के उप संचालक संजय पाठक ने राज्य की योजनाएं की जानकारी दी। राज्य आजीविका मिशन के सीईओ एलएम बेलवाल ने राज्य में आजीविका गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम को एमएसएमई मंत्री सखलेचा, खाद्य मंत्री सिंह व सांसद बैतूल दुर्गादास उईके ने भी संबोधित किया।*



### *मप्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार हर तरह की देगी सुविधाएं*

*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसी भी तरह की औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए राज्य सरकार आवश्यक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। कोविड के दौर के बाद आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र को जिस संबल की आवश्यकता है, उसे प्रदान करने में राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को मंत्रालय में अर्न इंडिया मैन्यूफेक्चरिंग के सह-संस्थापक और सीईओ शाई लेविटिन से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर संस्थान की वाइस प्रेसीडेंट आइरिस लेविटिन और पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को लेविटिन ने बताया कि वे मप्र में करीब 200 करोड़ रुपए के निवेश से एलइडी लाइट्स और स्मार्ट होम प्रोडेक्ट्स की इकाई की स्थापना के लिए इच्छुक हैं। इसके लिए उन्होंने इंदौर और निकटवर्ती औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण भी कर लिया है। प्रस्तावित इकाई से करीब एक हजार लोगों को प्रत्यक्ष और एक हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो सकेगा।*

## सिख समाज के सेवा कार्य सराहनीयः मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंगलवार को मंत्रालय में सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी 4 से 6 अक्टूबर के मध्य ग्वालियर में आयोजित गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ ग्वालियर के 400 वर्षीय विश्व-स्तरीय शताब्दी समारोह कार्यक्रम का आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर सिख समाज से संचालित सेवा कार्यों की जानकारी भी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने ग्वालियर के टेकनपुर में गुरुद्वारे की भूमि पर शिक्षण संस्थान शुरू करने के संबंध में प्रस्ताव दिया। इसके अनुसार सिख समाज शिक्षण संस्थान की स्थापना में सहयोग देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा कार्यों से ही जीवन सार्थक होता है। सिख समाज के सेवा कार्य सराहनीय है। शासन की ओर से इन प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा और पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रतिनिधि-मंडल में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव, विधायक जजपाल सिंह जज्जी भी उपस्थित थे। इसके अलावा धर्म सिंह, बाबा लक्खा सिंह ग्वालियर, पंजाबी अकादमी की निदेशक नीरू सिंह ज्ञानी उपस्थित थी। संस्कृति विभाग की पंजाबी साहित्य अकादमी की निदेशक नीरू सिंह ज्ञानी ने बताया कि अकादमी द्वारा समारोह की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा विशेष प्रकाशन किए जा रहे हैं।

# देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पीएफआई पर प्रतिबंध लगा सकती है मप्र सरकार

## पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर बैन लगाने वैधानिक स्तर पर किया जा रहा विचारः डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) संगठन पर प्रतिबंध लगाने पर राज्य सरकार विचार कर रही है। यह जानकारी प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में दी है। उन्होंने कहा कि इस संगठन की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल ने आवेदन दिया है। जिस पर वैधानिक स्तर पर विचार किया जा रहा है।

**खास बातें**

- पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग लगातार हो रही है
- प्रतिबंध की मांग वाले आवेदन को डॉ. मिश्रा ने विभाग को भेजा

### गृह विभाग जल्द तय करेगा कार्रवाई



आरोप है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) देश विरोधी गतिविधियों को लेकर लंबे समय से चर्चाओं में है। सिमी जैसे कुछ संगठनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उसके कार्यकर्ता पीएफआई के जरिए देशभर में देश विरोधी गतिविधियों को एक गुप्त योजना के तहत अंजाम दे रहे हैं। इसके लिए विदेशों से बड़े पैमाने पर फंडिंग हो रही है। फंडिंग का एक बड़ा जरिया हवाला कारोबार भी है। जिसके तहत इस्लामिक देशों से भारत में देश विरोधी गतिविधियों के लिए बड़े पैमाने पर पैसा पहुंचाया जाता है। यह संगठन आपत्तिजनक पुस्तकें छपवाकर दुष्प्रचार भी कर रहा है। पीएफआई के संबंध पाकिस्तान के कई आतंकी संगठनों और आईएसआई से भी बताए जा रहे हैं। देश विरोधी गतिविधियों में यह संगठन शामिल बताया जाता है।

### *मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन*

*पीएफआई संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग लगातार उठ रही है, अब मुस्लिम समाज की तरफ से भी यह मांग उठी है। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि उनकी मांग पर विभागीय स्तर पर चर्चा करके शीघ्र ही निर्णय किया जाएगा। पीएफआई को प्रतिबंधित करने के उनके आवेदन को मैंने जांच और आगामी कार्रवाई के लिए विभाग को भेज दिया है। वैधानिक राय लेने के लिए जल्द ही कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की प्रक्रिया की जाएगी।*

## छात्र या पालक के खाते में जमा होगी ग्रीष्म अवकाश के कुकिंग की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड-19 के दौरान शैक्षणिक सत्र 2020-21 में एक मई से 15 जून तक 39 कार्य दिवस की ग्रीष्म अवकाश अवधि में खाद्यान्न सुरक्षा भत्ता के रूप में कुकिंग कास्ट की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से छात्र या पालक के बैंक खाते में जमा की जाएगी।



आयुक्त लोक शिक्षण डाक्टर कमलप्रीत सिंह ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्राथमिक स्कूल के छात्रों को 202 रुपए और मीडिल स्कूल के छात्रों को 291 रुपए दिए जाएंगे।


## बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल

### बहुतकनीकियों के माध्यम से सामुदायिक विकास (सीडीटीपी)

**कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विकास मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत योजना**

निम्नलिखित पदों हेतु पूर्णतया अनुबंध आधार पर केवल छह माह हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| क्र. सं. | पद का नाम | पद की सं. | अपेक्षित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक विकास परामर्शदाता | 01 | सामाजिक कार्य / ग्रामीण विकास / कृषि / कृषि विस्तार अथवा सामाजिक विज्ञानों की किसी अन्य शाखा में द्वितीय श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री। **अथवा** सामुदायिक विकास / ग्रामीण विकास से सम्बन्धित कार्य में दो वर्ष के अनुभव सहित इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में द्वितीय श्रेणी डिप्लोमा। |
| 2. | जूनियर कंसलटेंट | 01 | इंजीनियरिंग अथवा टेक्नोलॉजी की किसी भी शाखा में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी डिप्लोमा। **अथवा** उद्योग / ग्रामीण विकास / सामुदायिक विकास कार्य में एक वर्ष के अनुभव सहित किसी संकाय में द्वितीय श्रेणी स्नातक डिग्री। |

आवेदन सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर प्राचार्य बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल के कार्यालय में 16.09.2021 तक अप. 4.00 बजे तक जमा करवाया जा सकता है। अधिक विवरण और अन्य जानकारी हेतु बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल में पधारें। साक्षात्कार 21.09.2021 को पूर्वा. 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी टी.ए./डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा।

वेतन का भुगतान सीडीटीपी योजना / हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

हस्ता/- प्राचार्य
बी.के.एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल
पीआरडीएच-1115/11/29/2022/4389/88/7 दि. 25.08.21
सम्पर्क नं. 01282-250302


हाजिरी लगाकर बोला ट्रांसफर करवा के दिखाए कोई

# सरपंच के सामने नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल अब स्तरहीन होते जा रहे हैं। पढ़ाने वाले गुरुजी ही शिक्षा के सिस्टम में पलीता लगा रहे हैं। मुंगेली के लोरमी ब्लाक में एक मास्टर का यह हाल है कि शराब पीकर स्कूल जाते हैं। वहीं दोपहर 3 बजे स्कूल पहुंचते हैं। हाजिरी लगाते हैं और चले जाते हैं। सरपंच निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उनके सामने ही धमकी दे डाली कि किसी ने माई का दूध पिया हो तो वहां से ट्रांसफर करवा कर दिखाए। फिलहाल मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के अफसरों से की गई है। दरअसल, लाखासर गांव के सरपंच हलधर सिंह वर्मा को शिकायत मिली थी कि प्राथमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक कन्हैलाला पनागर अक्सर गायब रहते हैं। इस पर वह सोमवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे, लेकिन दोपहर 1.30 बजे तक टीचर कन्हैयालाल नहीं आए थे। इस पर सरपंच अगले दिन मंगलवार को फिर पहुंचे तो पता चला कि हाजिरी रजिस्टर में टीचर के साइन थे। पूछताछ में पता चला कि दोपहर करीब 2 बजे मास्टर आए थे और साइन कर चले गए। इस पर सरपंच इंतजार करने स्कूल में ही रुक गए।



### दोपहर में लड़खड़ाते हुए पहुंचे कहा- जो करना है, कर लो

दोपहर करीब 3 बजे नशे में धुत होकर टीचर कन्हैलाल स्कूल पहुंच गए। स्टाफ रूम में सरपंच ने देर से व नशे में आने का कारण पूछा तो बोले कि जो करना है कर लो-'वीडियो बना लो, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। किसी ने माई का दूध पीया है तो गांव लाखासर से उनका ट्रांसफर करवा कर दिखाए। जिससे शिकायत करनी हो, कर लें'।

## रायपुर में दुर्ग के कारोबारी का अपहरण कर जबरन वसूली

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में देर रात दुर्ग के एक कारोबारी के अपहरण कर जबरन वसूली का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्ग के अन्नू कॉर्पोरेट सप्लाई जुनवानी कंपनी के पार्टनर राजबीर नयन राणा ने कटोरा तालाब स्थित लक्की हार्डवेयर के संचालक पवन मेघानी, अमित मेघानी और अंकित मेघानी को अपनी कंपनी का डीलर बनाने के लिए 50 हजार रुपये नगद जमा करवाए थे।


**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
**Regd. Office:** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Tuesday, 31st August, 2021 at 02.30 P.M.**, to consider and approve the Audited Financial Results of the Company for the Quarter/Year ended on 31st March, 2021.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director

Place: New Delhi
Date: 25.08.2021


मेट्रो कॉरिडोर पर पहली बार किया लोड टेस्ट

# क्रेन से 7 टन का वजन पटककर किया गया डायनामिक लोड टेस्ट

◆ मेट्रो प्रोजेक्ट की ठेकेदार कंपनी और कंसल्टेंट के बीच डिजाइन संबंधी हो रहा था विवाद, इसलिए लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मेट्रो कारिडोर पर पहली बार पी-35 (पिलर नंबर 35) बनाने से पहले वहां 7 टन का वजन क्रेन से पटककर पाइल का डायनामिक लोड टेस्ट किया गया। यह पूरी तरह सफल रहा। पी-35 एमआर-10 ब्रिज से चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा के बीच है। इसके अलावा एमआर-10 ब्रिज से बापट चौराहा के बीच पिलर निर्माण से पहले होने वाले जरूरी कार्य शुरू कर दिए गए हैं। बुधवार को पी-19 पर पाइलिंग की शुरुआत भी हुई। इसके अलावा पी-8 और पी-15 के निर्माण से पहले के काम शुरू किए गए हैं।



मेट्रो कंपनी के अफसरों का कहना है कि डायनामिक लोड टेस्ट से ही पता चलता है कि पाइल कितना वजन सहने के लायक है। मेट्रो प्रोजेक्ट की ठेकेदार कंपनी और कंसल्टेंट के बीच डिजाइन संबंधी विवाद हो रहा था, इसी कारण डायनामिक लोड टेस्ट कराने का फैसला लिया गया था।

### बारिश नहीं हुई तो पी-3 की कांक्रीटिंग आज से होगी

मेट्रो कंपनी के सहायक महाप्रबंधक अनिल जोशी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि डायनामिक लोड टेस्ट काफी सफल रहा। पाइप पर जितना लोड जरूरी था, उससे ज्यादा वजन पटककर टेस्ट किया गया। यह पूरी तरह सफल रहा है। अब पाइलिंग संबंधी तमाम तेजी से किए जा सकेंगे। बुधवार को पूजन करके कार्यों की शुरुआत की गई। मेट्रो कॉरिडोर पिलर कांक्रीटिंग का काम पी-3 से शुरू होना है, जो संभवतः गुरुवार से होगा। बारिश के संभावना के मद्देनजर यह काम लगातार टाला जा रहा है, क्योंकि कांक्रीटिंग के दौरान बारिश नहीं होनी चाहिए।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | डीएसपी विजिलैंस पानीपत, एक्सईएन सिटी डिवीजन, पानीपत, एसडीओ सिटी सब डिवीजन, पानीपत तथा एसडीओ मॉडल टाउन सब डिवीजन, पानीपत के कार्यालय उपयोग हेतु चार अदद बुलेरो जीप। | खुलने बंद होने की तिथि 27.08.2021 | 6000/- प्रत्येक | www.uhbvn.org.in | 1802652352 |
| 2 | एचएसएएमबी, भिवानी | भिवानी डिवीजन में (कार्य योजना 2021-22 के तहत) आईआर की सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत + पांच अन्य कार्य। | खुलने बंद होने की तिथि 07.09.2021 | 5.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | eebhiwani2021.hsamb@gmail.com |
| 3 | नगर निगम, मानेसर | एमसी मानेसर में कसान गांव में बाबा बिसहा कलां का विकास और सौन्दर्यकरण + एक अन्य कार्य। | 24.08.2021 30.08.2021 | 29.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8851125640 |
| 4 | यूएचबीवीएन | ओपी सिटी डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत में पेवर ब्लॉक्स को बिछाना और पुनरोद्धार, पार्किंग शैड। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 3.75 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | एचपीजीसीएल | एचपीजीसीएल द्वारा मालिकाना प्राप्त 210 एमडब्ल्यू यूनिट-6 पीटीपीएस पावर को खुले बाजार में बिक्री हेतु संभाव्यता का पता लगाने के लिये अभिरूचि की अभिव्यक्ति। | बंद होने की तिथि 30.09.2021 | | www.hpgcl.org.in | xenreg1.pkl@hpgcl.org.in |
| 6 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन ओपी डिवीजन, पिंजौर में कार्यालय हेतु कार्पेट एरिया 2500 वर्गफुट के भवन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 07.09.2021 | 6000/- | www.uhbvn.org.in | xenopuhbvnpanchkula@gmail.com |
| 7 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि. एचडीडीसीएफ लि. की एक इकाई | 1 लीटर घी (ऐगमार्क) की पैकिंग हेतु सीका कार्टन, टेबल बटर (ऐग मार्क) 100 ग्राम और 500 ग्राम की पैकिंग हेतु कार्टन की खरीद। | 26.08.2021 06.09.2021 | 80000/- | www.vitaindia.org.in | 01262-277364 vitarohtak@gmail.com |
| 8 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन बापौली को ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन, बापौली में परिवर्तित करने के लिये आवासीय भवन का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 3.74 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 9 | यूएचबीवीएन | इंजीनियर कॉलेज मुरथल सोनीपत के 33 केवी सब/स्टेशन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 1.50 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 10 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन, ओल्ड डीसी रोड सोनीपत में आरबी का ए/एमटीसी। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 4.80 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 11 | यूएचबीवीएन | ओपी सब डिवीजन, यूएचबीवीएन, छाजपुर के परिसर में पेव्ड एरिया का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 1.53 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 12 | यूएचबीवीएन | एमएंडपी डिवीजन, यूएचबीवीएन सोनीपत का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 1.45 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 13 | यूएचबीवीएन | ओल्ड डीसी रोड सोनीपत में एनआरबी का ए/एमटीएसी। | बंद होने की तिथि 10.09.2021 | 1.70 लाख | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2022/260/4381/I/88/7 दि. 25.08.21